अनुस्मारक / महत्वपूर्ण / ई–मेल

प्रेषक,

सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

सेवा में,

समस्त प्रधानाचार्य / निदेशक
परिषद से सम्बद्ध समस्त
राजकीय / अनुदानित / निजी क्षेत्र की संस्थाए।

पत्रांकः–प्राशिप / अनु06 / वार्षिक परी0 2021 / 5472 लखनऊःदिनाँकः 07 / 09 / 2021

विषयः परिषद द्वारा आयोजित वार्षिक परीक्षा अगस्त 2021 की फार्मेसी प्रथम वर्ष की परीक्षा में सम्मिलित हो रहे समस्त छात्र–छात्राओं के सैत्रिक / गेम्स / अनुशासन अंक की प्रविष्टि यूराईज पोर्टल के माध्यम से कराये जाने विषयक।

महोदय,

कृपया परिषद कार्यालय के पत्रॉक प्राशिप / अनु06 / वार्षिक परी0 2021 / 5386 दिनाँक 02 / 09 / 2021 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से वार्षिक परीक्षा अगस्त 2021 की फार्मेसी प्रथम वर्ष की परीक्षा में सम्मिलित हो रहे समस्त छात्र–छात्राओं के सैत्रिक / गेम्स / अनुशासन अंक की प्रविष्टि यू–राईज पोर्टल के माध्यम से कराये जाने हेतु दिनॉक 06 / 09 / 2021 तक निर्देश प्रदान किये गये थें, परन्तु कतिपय संस्थाओं द्वारा अभी तक यूराईज पोर्टल पर सैत्रिक अंकों की पृविष्टि नही की गयी है।

उपरोक्त के दृष्टिगत सूच्य है कि वार्षिक परीक्षा अगस्त 2021 की फार्मेसी प्रथम वर्ष की परीक्षा में सम्मिलित हो रहे समस्त छात्र–छात्राओं के सैत्रिक / गेम्स / अनुशासन अंक की प्रविष्टि दिनॉक 11 / 09 / 2021 तक प्रत्येक स्थिति में यूराईज पोर्टल के माध्यम से करना सुनिश्चित करें एवं सैत्रिक अंकों की हार्डकापी स्पाइरल बाइडिंग कराकर अनुभाग 6 में दिनॉक 13 / 09 / 2021 तक प्राप्त कराना सुनिश्चित करें। अन्यथा की स्थिति में संस्था स्वयं उत्तरदायी होगी।

भवदीय,

(सुनील कुमार सोनकर)
सचिव।

पृ0सं0: प्राशिप / अनु06 / वार्षिक परी0 2021 / 5473-74 तद्दिनांकः 07 / 09 / 2021
प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. निजी सचिव, अध्यक्ष, प्राविधिक शिक्षा परिषद, उत्तर–प्रदेश, लखनऊ को अध्यक्ष महोदय के सूचनार्थ।
2. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश, कानपुर।
3. संयुक्त निदेशक, पूर्वी क्षेत्र / बुन्देलखण्ड क्षेत्र / मध्य क्षेत्र / पश्चिमी क्षेत्र को इस अनुरोध के साथ कि आप अपने स्तर से भी अपने क्षेत्रान्तर्गत समस्त संस्थाओं को समयान्तर्गत सैत्रिक, गेम्स, अनुशासन अकों को यूराइज पोर्टल के माध्यम से भरवाए जाने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें।
4. नोडल अधिकारी, यूराईज पोर्टल, प्राविधिक शिक्षा विभाग, को उपरोक्तानुसार आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(सुनील कुमार सोनकर)
सचिव।